# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–12 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल संगमनगरी प्रयागराज जाएंगे और अगले साल तेरह जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ–दो हजार पचीस का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वह करीब सात हजार करोड़ रुपये की महाकुंभ परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगें। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट

***प्रधान मंत्री महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और प्रयागराज में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी। प्रधान मंत्री प्रमुख मंदिर गलियारों का उद्घाटन करेंगे जिसमें भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा, अक्षयवट गलियारा, हनुमान मंदिर गलियारा शामिल होंगे।पीएम करीब तीन घंटे तक टेंट सिटी में रहेंगे और त्रिवेणी संगम, अक्षयवट और भगवान हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे और गंगा पूजन और आरती करेंगे। पीएम कुंभ मेला क्षेत्र में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस के पहले कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल, संगम की जेटी, हनुमान मंदिर, अक्षयवट और किलाघाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर की गयी सभी तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी दिशानिर्देश दिये। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी मौजूद रहे। इस बीच प्रधानमंत्री के आगमन पर यातायात व्यवस्थित रखने के लिए किए जा रहे रूट डायवर्जन के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक ने कल सभी माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित रखने का आदेश जारी किया है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पचीस को भव्य और यादगार बनाने के लिए पूरे प्रयागराज को फूल मालाओं और पौधों से सजाया जा रहा है। फूल–मालाओं की आपूर्ति की जिम्मेदारी वाराणसी को मिली है। दस लाख पौधे प्रयागराज के सड़कों से लेकर कुंभ परिसर तक लगाए जाएँगे। पचास से ज्यादा फूलों की प्रजाति महाकुंभ में सुगंधित होगी। काशी के दर्जनों माली महाकुंभ में उपस्थित रह कर सुबह शाम पौधे और फूलों की सजावट का ध्यान रखेंगे।

**********

मऊ जिले के डुमरी मर्यादपुर में आज उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पंडित कन्हैयालाल मिश्र विधि महाविद्यालय तथा इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में दस बेड से सौ बेड के उच्चीकृत व विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, जल जीवन मिशन और अन्य क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज लोकसभा में कहा कि दुर्घटना में घायल होने वालों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्री गडकरी ने बताया कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी।

**********

प्रसार भारती ने आगामी हॉकी इंडिया लीग का सीधा प्रसारण करने के लिए आज नई दिल्ली में हॉकी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के साथ दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग दो हजार चौबीस– पचीस के लिए आधिकारिक प्रसारण भागीदार बन गया है। हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद, दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार और अन्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**********

अयोध्या के कैंट क्षेत्र में निर्मली कुंड के आसपास पिछले कुछ महीनों से एक तेंदुए की आहट पाई गई है। डीएफओ प्रणव जैन ने बताया कि वन विभाग ने ट्रिपिंग कैमरा लगा दिया है और पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।

**********

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में शुष्क पछुआ हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के कारण अधिक ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट का यह सिलसिला अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा। इस बीच विभाग ने अगले दो दिनों तक सुबह के समय गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ मंडल के जिलों में शीतलहर और पाला पड़ने की संभावना जताई है।

**********